**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राजबहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-12 का उत्तर ।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 12 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव में नगर पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में पदोन्नति श्रेणी के समूह ग व घ में कुल कितने पद दिनांक 31.12.2023 तक रिक्त है? | जनपद-उन्नाव के 03 नगर पालिका परिषदों व 16 नगर पंचायतों में पदोन्नति श्रेणी के समूह (ग) के 02 पद व समूह (घ) के 03 पद अर्थात् कुल 05 पद दिनांक 31-12-2023 तक रिक्त है। |
| (ख) उक्त पदों का नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत वार विवरण क्या है ? | ऐसे पद 01 नगर पालिका परिषद व 01 नगर पंचायत में रिक्त हैं, जिसका विवरण निम्नवत् है:- |

| क्र0 सं0 | निकाय का नाम | समूह (ग) | समूह (घ) | समूह (ग) व (घ) की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका-उन्नाव | 02 | 02 | 04 |
| 2 | नगर पंचायत-नवाबगंज | - | 01 | 01 |
| | योग | 02 | 03 | 05 |

| | |
|---|---|
| (ग) पदोन्नति श्रेणी के रिक्त उक्त पदों पर पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति कब तक करायेंगे? | पदोन्नति एक सतत् प्रक्रिया है, रिक्त पदों पर पात्र कर्मचारियों की नियमानुसार पदोन्नति की जाती है। |

**ए.के. शर्मा**
मंत्री
नगर विकास विभाग ।